उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

संख्याः 165 / 04 / प्र0सहा0 (उ0शि0वि0) / G-2 / 2024-25 दिनांकः 18 सितम्बर, 2024

<u>विज्ञप्ति</u>

प्रयोगशाला सहायक, उच्च शिक्षा विभाग (समूह 'ग') परीक्षा–2023

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्याः: A-3 / DR / S-3 / 2023-24 दिनांक 05.08.2023 द्वारा **प्रयोगशाला सहायक, उच्च शिक्षा विभाग (समूह 'ग') परीक्षा–2023** के लिए रिक्तियां प्रकाशित की गयी थी, जिसके क्रम में सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन तथा विषयपरक जानकारी के लिये दिनांक 27 से 29, अप्रैल, 2024 एवं 07 व 08 मई, 2024 को लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा आयोजित की गयी। लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्रश्नपत्रवार प्राप्तांक के योग से निर्मित प्रवीणता सूची के आधार पर रिक्तियों के तीन गुना परन्तु दिव्यांगजन व पूर्व सैनिक की रिक्तियों के पांच गुना अनुपात में अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए विषयवार अभिलेख सत्यापन सूची दिनांक 18.09.2024 को निर्गत की गयी है। अभ्यर्थियों के लिये अभिलेख सत्यापन सूची एवं अन्तिम उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर प्रसारित की गई है। यह भी सूचित किया जाता है कि अभिलेख सत्यापन सूची के अभ्यर्थियों के ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावों का परीक्षण सम्बन्धित मूल अभिलेखों से किया जायेगा तथा प्रयोगशाला सहायक के विषयवार पदों के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों से ऑनलाइन वरीयता भी प्राप्त की जायेगी। यदि प्रमाण पत्रों से ऑनलाइन आवेदन पत्र में किये गये दावों की पुष्टि नहीं होगी तब अभ्यर्थन निरस्त करने से सम्बन्धित कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी। अभिलेख सत्यापन की तिथि इत्यादि से सम्बंधित विस्तृत दिशा–निर्देश आयोग की वेबसाइट पर पृथक से प्रसारित किये जायेगें।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव